हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 जुलाई 2026, समय 13:05 )

मुख्य समाचारप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो पर मिली प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए देश के युवाओं को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने युवाओं के जबरदस्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

वीडियो को अब तक 30 करोड़ 30 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। यह पहले 24 घंटों में सबसे अधिक देखा जाने वाला वीडियो है।

-----------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

-----------------------------------------------------------

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी -एनटीए ने महाप्रबंधक स्तर के वरिष्ठ पेशेवर पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किये हैं। संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिभा सेतु पोर्टल द्वारा सोलह युवा पेशेवरों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

----------------------------------------------------------

दिल्ली पुलिस ने पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अन्य अपराधों की जांच के लिए एक विशेष कार्य बल-एस.टी.एफ. का गठन किया है। हमारे संवाददाता ने बताया

कि यह कार्य बल लोक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 2024 के अंतर्गत आता है।

दिल्ली पुलिस ने कहा है कि इस विशेष कार्य बल द्‌वारा  अलग-अलग प्राधिकारियों की ओर से आयोजित होने वाली पब्लिक परीक्षाओं से जुड़े अपराधों की जांच तेजी से और पेशेवर तरीके से  की जाएगी। इनमें संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के साथ-साथ केंद्र सरकार के मंत्रालय या विभाग और स्टाफ की भर्ती के लिए उनसे जुड़े हुए और अधीनस्थ कार्यालय शामिल हैं।

--------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री  भूपेंद्र यादव ने कल गुरुग्राम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र -एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं वायु गुणवत्ता सुधार उपायों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।  बैठक में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली  के विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनों एवं बसों को बढ़ावा देने, पुराने वाहनों के विरुद्‌ध कार्रवाई, "नो पीयूसीसी-नो फ्यूल" व्यवस्था, निर्माण एवं विध्वंस व अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस कचरा निस्तारण, प्रदूषण फैलाने वाले उद्‌योगों पर कार्रवाई तथा धान की पराली के प्रभावी प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच और अधिक बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा ने क्षय रोग के खिलाफ अभियान में टीबी मुक्त भारत ऐप पर 35,229 पंजीकरण के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही राज्य में टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट -टीपीटी का कवरेज बढ़कर 49 प्रतिशत, एनएएटी आधारित मॉलिक्युलर जांच का कवरेज 67 प्रतिशत तथा पात्र मरीजों के लिए डिफरेंशिएटेड टीबी केयर का कवरेज 71 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

यह जानकारी मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई 100-दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की बैठक में दी गई।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा साइबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शुमार हो गया है। साइबर ठगी के पीड़ितों को धनवापसी तथा अंतरराज्यीय तालमेल के मामलों में राज्य का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर रहा है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर), चारू बाली ने बताया कि 22 जुलाई, 2026 तक प्राप्त 14,731 साइबर अपराध मामलों में हरियाणा ने 38 प्रतिशत मामलों में पीड़ितों को धनवापसी के आदेश जारी किए हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 8 प्रतिशत है।

------------------------------------------------------------------------------------------------

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 28 से 30 तारीख तक कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है की आज और 27 तारीख को कुछ जगहों पर और कल इक्का-दुक्का जगहों पर बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने हरियाणा में 28 और 29 तारीख को इक्का-दुक्का जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान भी लगाया है।